मध्य प्रदेश में जबलपुर हवाई अड्डे का विस्तार

1639. **श्री राघवजी :** क्या नगर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने मध्य प्रदेश में जबलपुर हवाई अड्डे का विस्तार करने के लिए कोई योजना तैयार की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ख) उपर्युक्त योजना के अतंर्गत अब तक जबलपुर हवाई अड्डे के विस्तार पर कितनी धनराशि यह की जा चुकी है तथा यह कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा, और

(ग) क्या एलाएन्स एयरलाइन्स या इंडियन एयरलाइन्स जबलपुर से अपनी उड़ान कब से प्रारंभ करेगा, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी.एम. इब्राहीम) : (क) और (ख) जबलपुर हवाई अड्डे का बी-737 श्रेणी के विमानों के प्रचालनार्थ स्तरोन्नयन किया जा रहा है। 11.76 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत पर धावन पथ तथा इसके संबद्ध पेवमेंट्स का सुदृढीकरण करने तथा धावन-पथ की वर्तमान 4500 फुट की लंबाई को बढ़ाकर 6500 फुट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य के अगस्त, 1998 में पूरा होने की सभावना हैं।

(ग) इंडियन एयरलाइन्स/एलायन्स एअर धावन-पथ के विस्तार संबंधी कार्य के पूरा होने के बाद ही बोइंग 737 किस्म के विमानों का प्रधालन कर सकती है।

International Airport at Greater Noida

1640. SHRI VEDPRAKASH P. GOYAL: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government are going to build an international airport at Greater Noida in Uttar Pradesh;

(b) whether it will be built by Government or a private party;

(c) the name of the private party to be entrusted this work; and

(d) the terms and conditions in this regard and target date for completion of this project?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C. M. IBRAHIM): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

पर्यटन स्थलों को विमान सेवाओं से जोड़ा जाना

1641. **श्रीमती मालती शर्मा :** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नौवी पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान पर्यटन स्थलों को विमान सेवाओं से जोड़ने के सबंध में कोई योजना है,

(ख) यदि हां, तो उसका राज्यवाल ब्यौरा क्या है, और

(ग) इस समय उत्तर प्रदेश में विमान सेवाओं से जोड़े गए पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) जी, नहीं।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इंडियन एयरलाइन्स तथा एलाइंस एअर लखनऊ, आगरा तथा वाराणसी के लिए प्रचालन कर रही है।

The details of the victims of Saudi Kazak accident

1642. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) the details of the victims of the air accident in which a Saudi Airlines and a Kazak Airlines had collided; and

(b) the progress made so far by the inquiry commission in this regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C. M. IBRAHIM): (a) The details of the victims are given at annexure, *[See appendix 180, Annexure No. 41]*